कार्यालय जनपद न्यायाधीश, मुरादाबाद

निविदा/टेण्डर सूचना

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्रांक सं0– 14026/Admin (B-V) Section दिनांक 14 जुलाई 2017 के अनुसार परिवार न्यायालय, जनपद न्यायालय मुरादाबाद हेतु एक फोटो कॉपी मशीन के क्रय की आवश्यकता है। जिसकी आधिकारिक स्वीकृति जनपद न्यायाधीश, मुरादाबाद द्वारा दी जा चुकी है।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, मुरादाबाद के परिवार न्यायालय हेतु एक फोटो स्टेट मशीन की आवश्यकता है। फोटो कॉपी मशीन की क्षमता 25–30 कॉपी प्रति मिनट , डुपलेक्स एवं डाक्यूमेन्ट स्टोरेज की होनी चाहिये।

प्रतिष्ठित फर्म अपनी–अपनी सीलबन्द निविदा दिनांक 04-8-2017 तक सांय 4 बजे तक केन्द्रीय नजारत में कर सकते हैं। निविदा में मशीन की विशिष्टताओं के साथ मशीन की गारन्टी/ वारन्टी पीरियड एवं टोनर के मूल्य आदि का उल्लेख करना आवश्यक है। निविदा हेतु धरोहर राशि रूपये 5,000/– माननीय जिला जज, महोदय के के पक्ष में डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में जमा करानी होगी। निविदास्वीकृत न होने की दशा में उक्त धनराशि वापस की जायेगी। निविदा उसी दिन सांय 4.30 बजे खोली जायेगी। निविदा खोलने के वक्त फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं।

निविदा की स्वीकृति या अस्वीकृति माननीय उच्च न्यायालय के अधीन होगी। निविदा की विज्ञप्ति माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की आधिकारिक वेबसाईट www.allahabadhighcourt.in तथा जनपद न्यायालय की अधिकारिक वेबसाईट www.ecourts.gov.in/moradabad पर उपलब्ध है।

27.7.2017

प्रभारी अधिकारी नज़ारत,
जनपद न्यायालय, मुरादाबाद।

प्रभारी अधिकारी
नजारत
जनपद न्यायालय मुरादाबाद